भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(वाणिज्य विभाग)

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2026

**दिनांक 11 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**ई–प्लेटफॉर्म का विकास**

**2026. श्री बिप्लब कुमार देबः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार निर्यातकों, एमएसएमई और उद्यमियों को विभिन्न हितधारकों से जोड़ने के लिए कोई ई–प्लेटफॉर्म विकसित करने की योजना बना रही है; और

(ख) यदि हां, तो व्यापार–सबंधी सूचना और जानकारी से संबंधित प्लेटफॉर्म के क्या लाभ होंगे?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जितिन प्रसाद)**

**(क) और (ख)** सरकार ने दिनांक 11 सितम्बर, 2024 को ट्रेड कनेक्ट ई–प्लेटफॉर्म की शुरुआत की है, जिसे निर्यात परिस्थितिकी में विभिन्न हितधारकों से परामर्श के बाद तैयार किया गया है। ट्रेड कनेक्ट ई–प्लेटफॉर्म अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर एक सूचना एवं मध्यस्थता संबंधी प्लेटफॉर्म है जो एमएसएमई सहित नए एवं मौजूदा निर्यातकों को विभिन्न हितधारकों से उन्हें जोड़कर सहायता प्रदान करने का प्रयास करता है।

इस प्लेटफॉर्म में हितधारक जैसे कि विदेश में स्थित भारतीय मिशन, वाणिज्य विभाग, विदेश व्यापार महानिदेशालय, निर्यात संवर्धन परिषदों, पण्य बोर्डों एवं एक्जिम बैंक आदि से पदाधिकारी शामिल हैं, जो सूचना, प्रश्नों के उत्तर देने और प्लेटफॉर्म पर उद्गम प्रमाणपत्र को जारी करने जैसी सेवाएं उपलब्ध कराने के रुप में सहायता देते हैं।

प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कुछ प्रमुख सेवाओं में निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) व्यापार समझौता एवं प्रशुल्क अन्वेषक–मुक्त व्यापार समझौते का लाभ और भारतीय उत्पादों के लिए प्रशुल्क को समझने मे सहायता

(ii) उत्पाद संबंधी मार्गदर्शन एवं देश संबंधी मार्गदर्शन–शीर्ष बाजार प्रमाणन एवं अनुपालन आवश्यकताएं, गैर प्रशुल्क बाधाएं, पाटन रोधी शुल्क और विभिन्न बाजारों में क्रेताओं के साथ संपर्क को समझने में सहायता

(iii) वैश्विक ई–कॉमर्स मार्गदर्शन – विश्व के शीर्ष देशों, श्रेणियों और ई–कॉमर्स पोर्टल के बारे में सूचना

(iv) विश्वव्यापी व्यापार कार्यक्रम–एक ही स्थान पर भारत एवं विदेशों में व्यापार प्रदर्शनी एवं कार्यक्रमों की सूचना

(v) विशेषज्ञ से जानकारी प्राप्त करना– अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर भारतीय व्यवसायों के व्यापार संबंधी प्रश्नों का हितधारकों द्वारा समाधान करने हेतु विषय सामग्री।

(vi) एक्जिम पाठशाला–अंतरराष्ट्रीय व्यापार के विभिन्न पहलुओं पर अध्ययन सामग्री एवं वीडियो।

(vii) भारत से स्रोत– मान्यता प्राप्त निर्यातक अंतरराष्ट्रीय क्रेताओं द्वारा खोजे जाने के लिए प्लेटफॉर्म पर माइक्रो–पृष्ठों का निर्माण कर सकते हैं।

****